आकाशवाणी
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 21.01.2025 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- सरकार कल मनाएगी **बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना** की 10वीं वर्षगांठ।
- प्रदेश के बजट की तैयारी पर केन्द्रित 'बजट पर संवाद' कार्यक्रम गुरुवार को भोपाल में होगा।
- प्रदेश में कोहरे के बाद दिन में तेज धूप से कई शहरों में लोगों को सर्दी से मिली राहत ।
- आईसीसी अंडर 19 महिला क्रिकेट ट्वेंटी-ट्वेंटी विश्व कप में भारत ने मेजबान मलेशिया को 10 विकेट से हराया

**सरकार - बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ**

केन्द्र सरकार कल नई दिल्ली में **बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना** की 10वीं वर्षगांठ मनाएगी । यह कार्यक्रम कल से 8 मार्च तक चलेगा । इसी तरह के कार्यक्रम राज्य और जिला स्तर पर आयोजित किए जाएंगे।

प्रदेश मे इस दौरान पहले सप्ताह में 181 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर जागरूकता, सैनिटरी पैड का वितरण, वृक्षारोपण, स्कूल में बालिकाओं को प्रवेश दिलाने के लिए नामांकन अभियान, शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण जैसे विषयों पर जागरूकता अभियान चलाया जायेगा।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में लैंगिक असंतुलन और घटते बाल लिंग अनुपात के गंभीर मुद्दे पर प्रतिक्रिया के रूप में 22 जनवरी 2015 को हरियाणा के पानीपत में **बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ** योजना की शुरुआत की थी।

**सरकार-सुकन्या समृद्धि**

सरकार ने कहा है कि देश भर में चार करोड से अधिक सुकन्या समृद्धि खाते खोले गए हैं। यह योजना **बेटी बचाओ बेटी पढाओ** के अंतर्गत 22 जनवरी 2015 को शुरू की गई है। इस योजना के अनुसार माता-पिता किसी निर्धारित वाणज्यिक बैंक की शाखा में या किसी डाकघर में कन्याओं के नाम पर एक सुकन्या समृद्धि खाता दो सौ 50 रुपये के जमा के साथ खोल सकते हैं। इस योजना पर फिलहाल आठ दशमलव दो प्रतिशत की दर से ब्याज दिया जा रहा है।

**पीएम-जनमन सम्मेलन**

सरकार ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान पर जिलाधिकारियों का एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन में पीएम जनमन के तहत छह मुख्य क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इनमें आवास, सड़क, आंगनवाड़ी, स्कूल छात्रावास, बहुउद्देश्यीय केंद्र और वन धन विकास केंद्र शामिल हैं। जनजातीय कार्यमंत्री जुएल ओराम ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि पीएम जनमन का लाभ सम्मेलन में शामिल सभी 18 राज्यों के हर व्यक्ति तक पहुंचे।

**परीक्षा दें हंसते-हंसते**

प्रदेश के विमुक्त घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु विभाग के 5 छात्रावासों में विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी की भोपाल शाखा द्वारा परीक्षा दें हंसते-हंसते कार्यक्रम संचालित किया जायेगा. इन छात्रावासों में उज्जैन, गांधीनगर भोपाल, जीरापुर, नेहरू नगर भोपाल और राजगढ़ शामिल हैं।

"परीक्षा दें हंसते-हंसते" और संस्कार वर्ग की नियमित गतिविधियों में कहानी, खेल और गीतों के माध्यम से छात्र-छात्राओं में पढ़ाई के प्रति रूचि बनाये रखने पर जोर दिया जायेगा। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास को केन्द्रित कर उन्हें शिक्षा दी जायेगी।

इस सम्बन्ध में आज प्रदेश के विमुक्त घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु कल्याण विभाग और विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी के बीच एमओयू हुआ.

**'बजट पर संवाद'**

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये बजट तैयारी के संबंध में 'बजट पर संवाद' कार्यक्रम 23 जनवरी को प्रशासन अकादमी भोपाल में होगा। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा विभिन्न क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञों के साथ चर्चा कर आगामी बजट को जनोपयोगी और प्रभावशाली बनाने के लिए सुझाव प्राप्त करेंगे।

**आयुर्वेद पर्व**

भोपाल के शासकीय पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेदिक संस्थान में आज से तीन दिवसीय आयुर्वेद पर्व शुरू हुआ । अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन की सहभागिता से हो रहे इस आयोजन का शुभारंभ मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुर्वेद हज़ारों साल पुरानी परंपरा है।

**शास्त्रीय प्रतियोगिता**

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के भोपाल परिसर में कल और 23 जनवरी को मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय शास्त्रीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में व्याकरण शलाका, साहित्य शलाका, ज्योतिष शलाका, साहित्य भाषण, व्याकरण भाषण, प्रश्नमंच, अक्षर श्लोकी और समस्या पूर्ति जैसी प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इन स्पर्धाओं में प्रदेश के लगभग 200 छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शास्त्र पद्धति पर बल देना और शास्त्र परंपरा को विश्व भर में प्रतिष्ठित करना है।

**महाकुम्भ तैयारियां**

प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ में सरकार द्वारा की गयी व्यवस्थाओं से आम लोग बहुत खुश हैं. उन्होंने इसे अब तक की सबसे अच्छी तैयारियों वाला कुम्भ बताया है. आइये सुनते हैं कुम्भ पर आम लोगों की राय:

**मौसम**

प्रदेश में सुबह कोहरे के बाद दिन में तेज धूप निकली। कई शहरों में लोगों को सर्दी से राहत मिली है। हालाँकि सुबह भोपाल, रीवा-सतना समेत 14 जिलों में हल्का मध्यम कोहरा रहा । मौसम विभाग के मुताबिक, तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाएगा। निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सतना, मैहर, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में कल कोहरा रहेगा। वहीँ, ग्वालियर, श्योपुर, दतिया, मुरैना, भिंड में हल्की बारिश हो सकती है।

**क्रिकेट-अंडर 19 महिला ट्वेंटी-ट्वेंटी विश्वकप**

कुआलालंपुर में आईसीसी अंडर 19 महिला क्रिकेट ट्वेंटी-ट्वेंटी विश्व कप में भारत ने मेजबान मलेशिया को 10 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाज़ी करते

हुए मलेशिया की टीम सिर्फ 31 रन ही बना सकी। 32 रन का लक्ष्य भारत ने सिर्फ दो ओवर पांच गेंद में हासिल कर लिया। भारत की वैष्णवी शर्मा ने 5 और आयुषी शुक्ला ने 3 विकेट हासिल किये।

**कुछ समाचार संक्षेप में...**

- राजधानी भोपाल में पुलिस ने 5 मोटर साइकिल और 19 मोबाइल समेत 37 लाख रुपए का सामान बरामद किया है। डीसीपी डॉ संजय अग्रवाल ने बताया कि बरामद किया गया पूरा सामान चोरी का हैं।
- धार जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 23 जनवरी को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की जाएंगी।
- आगरमालवा स्थित शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय छावनी मे आज से चार दिवसीय जिला स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण की शुरुआत हुई।
- झाबुआ में कलेक्टर की अध्यक्षता में जवाहर नवोदय विद्यालय थांदला में विद्यालय प्रबंध समिति और विद्यालय सलाहकार समिति बैठक का आयोजन किया गया.
- देवास जिले में आनंद उत्सव का आयोजन 14 से 28 जनवरी के मध्य किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।
- **सीहोर जिले की इछावर जनपद के ग्राम सोहनखेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया ।**

- खंडवा में पुलिस मुख्यालय के विशेष अभियान के तहत 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह "परवाह" के रूप में मनाया जा रहा है।
- म.प्र.भवन एवं संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल भोपाल द्वारा संचालित द्वारा सुपर 5000 योजना के तहत वर्ष 2023-24 के लिए सूची श्रम विभाग के पोर्टल पर जारी कर दी गई है।
- राजधानी भोपाल के कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में हिस्सा लेने पहुंचे बरखेड़ा नाथू के होतम सिंह ने सुनवाई नहीं होने से हताश होकर फोर व्हीलर गाड़ी में पेट्रोल झारकर आग लगा ली।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- सरकार कल मनाएगी **बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना** की 10वीं वर्षगांठ।
- प्रदेश के बजट की तैयारी पर केन्द्रित 'बजट पर संवाद' कार्यक्रम गुरुवार को भोपाल में होगा।
- प्रदेश में कोहरे के बाद दिन में तेज धूप से कई शहरों में लोगों को सर्दी से मिली राहत ।
- आईसीसी अंडर 19 महिला क्रिकेट ट्वेंटी-ट्वेंटी विश्व कप में भारत ने मेजबान मलेशिया को 10 विकेट से हराया

....................